<u>समाचार</u>

<u>नोवल कोरोना वायरस</u>

# राजस्व मंत्री की पहल पर एक मुश्त मिला 55 क्विंटल चावल, 03 क्विंटल दाल

## (मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल व महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद की अपील पर खुले हाथ से सहयोग दे रहे दानदाता)

कोरबा 09 अप्रैल 2020 –राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल की विशेष पहल पर बुधवार को एक मुश्त 55 क्विंटल चावल एवं 03 क्विंटल दाल जरूरतमंदों की सहायता हेतु दानदाताओं द्वारा दी गई, जिसे हेल्प आफ द व्हील्स वाहन के माध्यम से निगम कार्यालय साकेत लाया गया। राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल व महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद की अपील पर दानदाता खुले हाथ से अपना सहयोग देने आगे आ रहे हैं।

नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व नियंत्रण हेतु लागू किए गए लाकडाउन के दौरान कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे, हर जरूरतमंद व्यक्ति को भोजन, खाद्य सामग्री उपलब्ध हों, यह आज बड़ी आवश्यकता है, शहर में ऐसे लोगों की बड़ी संख्या है जो रोजी मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहे थे, लाकडाउन के कारण काम धन्धे बंद होने से प्रतिदिन कमाने व खाने वाले व्यक्तियों को काम नहीं मिल पा रहा तथा उनके समक्ष भोजन की समस्या खड़ी हो रही है, इस दिशा में जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन द्वारा पूरी मुस्तैदी के साथ आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है तथा दानदाताओं के सहयोग से जरूरतमंद लोगों को राशन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है, लंबी अवधि तक निःशुल्क खाद्यान्न की व्यवस्था भी एक बड़ी चुनौती है किन्तु इस दिशा में प्रदेश के राजस्व व आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने बड़ी पहल करते हुए शहर के सक्षम लोगों से ज्यादा से ज्यादा सहयोग करने का आग्रह किया है, वहीं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद भी सहयोग हेतु निरंतर अपील कर रहे हैं, सुखद परिणाम स्वरूप बुधवार को एक मुश्त 55 क्विंटल चावल व 03 क्विंटल दाल जरूरतमंदों को दिए जाने हेतु निगम को मिली। मंत्री श्री अग्रवाल की पहल पर 50 क्विंटल चावल श्री राजेन्द्र अग्रवाल, आर.के.टी.सी. उरगा द्वारा एवं 05 क्विंटल चावल धनरास राइस मील के द्वारा दिए गए, वहीं 07 बोरी दाल राजेश एजेंसी दर्री रोड कोरबा द्वारा प्रदान की गई।

<u>लगातार मिल रहा सहयोग</u>– जरूरतमंदों को राशन सामग्री मुहैया कराने हेतु दानदाताओं द्वारा निरंतर सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में श्री परसराम रामानी द्वारा 105 किलो चावल, शिक्षक पुखराम लहरे द्वारा 40 राशन किट, रामानंद अग्रवाल द्वारा 20 किलोग्राम चावल, बजरंग अग्रवाल द्वारा 10 किलोग्राम चावल, महेश अग्रवाल द्वारा 16 नग राशन किट, संतोष अग्रवाल द्वारा 50 किलो चावल, अखिलेश दुबे द्वारा 10 राशन किट, जुगलकिशोर अग्रवाल रूपेश एजेंसी दर्री रोड कोरबा द्वारा 25 नग राशन किट व 50 पैकेट नमक तथा मारवाड़ी ब्राम्हण विकास समिति कोरबा द्वारा 67 नग राशन किट निगम को उपलब्ध कराए गए। इसी प्रकार निगम के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा पुनः 05 क्विंटल चावल जरूरतमंदों की सहायता हेतु निगम में जमा कराया है।

<u>आज 1049 लोगों को राशन सामग्री किट, 3706 को बना हुआ भोजन</u>– आज 3706 व्यक्तियों को बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया गया, वहीं 1049 व्यक्तियों को निःशुल्क राशन सामग्री के किट का वितरण किया गया। बना हुआ भोजन उपलब्ध कराने में अग्रवाल समाज, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, गायत्री प्रज्ञापीठ, जैन समाज, छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी, आर्ट आफ लिविंग, संकल्प महिला मण्डल, बंगाली कल्चरल एसोसिएशन काली मंदिर बालको, एक्ट आफ ह्यूमिनिटी, जंगली फैमिली कोरबा, अनंत इमेजिन वेलफेयर सोसायटी कोरबा द्वारा 3706 पैकेट बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया गया।